सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-7 | विषय: अमृत संचय | पाठ:2 नशा

प्रश्न 1. लेखक जमीदारों की निंदा क्यों करता था ?

लेखक जमीदारों को निंदा इसलिए करता था क्योंकि जमींदार गरीबों और किसानों का शोषण करते थे।

प्रश्न 2. वह ईश्वरी के घर क्यों गया?

उत्तर - दशहरे की छुट्टियाँ होने पर लेखक अपने घर जाकर अपने परिवार पर बोझ नहीं डालना चाहता और बोर्डिंग हाऊस में अकेला भी रखा नहीं चाहता था इसलिए लेखक ईश्वरी के आग्रह पर उसके घर चला गया।

प्रश्न 3. लेखक पर कौन -सा नशा चढ़ने लगा था ?

उत्तर - लेखक पर झूठी अमीरी और जमीदारी का नशा चढ़ने लगा था।

प्रश्न 4.ठाकुर ने लेखक से क्या कहा ?

उत्तर - ठाकुर ने लेखक में गाँधी जी का भक्त समझकर उनसे कहा कि स्वराज मिलने पर जमीदार नहीं रहेंगे। तब आप अपने इलाके में उन्हें रहने के लिए थोड़ी- सी जमीन दे देना।

प्रश्न 5. ईश्वरी के चरित्र की विशेषताएँ बताओ।

उत्तर- ईश्वरी अमीर घर का लड़का था। वह अपने मित्रों से प्रेम करने वाला व शांत स्वभाव का था। परंतु अमीरों जैसी बेदर्दी और उद्दंडता भी उसमें थी।